हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 दिसंबर 2023

11 यात्रा से योजनाओं का लाभ के साथ आमजन ...



12 राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में सीनियर मॉडल...



## खबर संक्षेप

### पंचमगिरी डेरे से हजारों की नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** गांव जांडली खुर्द स्थित बाबा पंचमगिरी डेरे में घुसकर अज्ञात चोर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव जांडली खुर्द निवासी जिले सिंह ने कहा है कि गांव में स्थित बाबा पंचमगिरी डेरे में अज्ञात चोरों ने हजारों का सामान चोरी कर ली है। उसने बताया कि अज्ञात व्यक्ति डेरे में घुसे और डेरे के लॉकर को तोड़कर उसमें रखे करीब 2 5 हजार रुपये चोरी कर ले गए हैं।

### छोटे साहिबजादों की शहादत को किया नमन

**रतिया।** गुरुद्वारा दशमेश दरबार में छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को नमन किया गया। गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी सरदार गुरमुख सिंह ने बताया कि शहादत का समय बाबा जोरावर सिंह की उम्र 9 वर्ष थी और बाबा फतेह सिंह की उम्र 5 वर्ष थी। ठंडे बुर्ज में माता गुजरी और छोटे साहेबजादे को 3 दिन के लिए कैद रखा गया। 3 दिन की ठंडे बुर्ज की कैद के बाद सरहिंद में दोनों साहिबजादों को दीवार में चिनवा कर शहीद कर दिया गया।

### एचडीएफसी बैंक के बाहर से बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** गत दिवस चोरों ने फतेहाबाद में पुराना बस स्टैण्ड स्थित एक बैंक के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में गांव रजाबाद निवासी रामकुमार ने कहा है कि वह फतेहाबाद के ताऊ देवीलाल मार्किट स्थित एचडीएफसी बैंक में काम करता है। गत दिवस वह मोटरसाइकिल बैंक के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वह बैंक से बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब थी।

### वीरेंद्र बने नैना देवी लंगर सेवा ट्रस्ट के प्रधान

**रतिया।** श्री नैना देवी लंगर सेवा ट्रस्ट की एक बैठक मां की रसोई प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें वीरेंद्र कुमार को प्रधान, सुरेंद्र मोंगा व भूपेंद्र कामरा को उपप्रधान, नारायण दास मेहता को सचिव व धनी राम को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक के दौरान अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

### टोहाना पढ़ने गई 10वीं की छात्रा लापता

**फतेहाबाद।** टोहाना में 10वीं में पढ़ने वाली युवती के लापता होने का समाचार है। युवती के मामा ने पुलिस को शिकायत देकर अमृतसर के एक युवक पर उसकी लड़की को छिपाने का आरोप लगाया है। उन्हें पता चला कि अमृतसर का रहने वाला करण नामक युवक उसकी भांजी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। दूसरे मामले में जाखल पुलिस ने गांव शक्करपुरा निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी पत्नी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### लघु सचिवालय में सुशासन दिवस पर कार्यक्रम आज

**सिरसा।** नगराधीश अजय सिंह ने बताया कि 25 दिसंबर को प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में किया जाएगा। नगराधीश ने बताया कि कार्यक्रम में बिजली मंत्री रणजीत सिंह शिरकत करेंगे।

### युवक पर हमला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**ओढां।** पुलिस ने गांव रत्ताखेड़ा निवासी एक युवक की शिकायत पर रास्ता रोककर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। दी शिकायत में वकील पुत्र कालू राम निवासी रत्ताखेड़ा ने बताया कि 19 दिसम्बर की रात्रि वह घर से खेत में अपने पिता को बुलाने जा रहा था। इसी दौरान गली में शुभम पुत्र बृज लाल ने उसके साथ मारपीट की।

## एडीजीपी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान

# 30 तक फतेहाबाद के 10 गांवों को मिलेगा ड्रग मुक्त गांव का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एडीजीपी श्रीकांत जाधव हिसार मंडल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत पहले चरण में 30 दिसंबर तक जिला फतेहाबाद के 10 गांवों को नशा मुक्त गांव घोषित करने का लक्ष्य दिया गया है। नशा मुक्त टीम ने इन 10 गांवों की सूची तैयार कर ली है। टीम एडीजीपी के मार्गदर्शन में लगातार प्रयासरत है।

इसी कड़ी में रविवार को एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता व यूएनओ से सम्मानित सज्जन कुमार ने जिला फतेहाबाद के गांव बनावाली व सिरढान का दौरा किया और नशा मुक्ति टीम द्वारा इन गांवों में किए गए कायार्ं व धरातल पर आए बदलाव की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीणों से बैठक कर गांव की हालत का जायजा लिया। दोनों गांव के ग्रामीणों ने एक मत होकर बताया कि अब हमारे गांव में नशा तस्कर नही है और ना ही नशा पीड़ित, कुछ युवा जाने-अनजाने में गलती कर बैठे थे, उनका उपचार शुरू हो चुका है। ग्रामीणों ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि अगर हमारे गांव को ड्रग मुक्त गांव का तगमा मिलता है तो ग्रामीणों के लिए यह गौरव का विषय होगा व हमारे आने वाली युवा पीढ़ी इस बात पर गर्व महसूस करेगी व हर प्रकार के ड्रग्स व नशे से दूर रहेगी।



**फतेहाबाद।** ड्रगमुक्त गांव अभियान को लेकर ग्रामीणों को संबोधित करते एडीजीपी कार्यालय प्रवक्ता सज्जन कुमार। फोटो : हरिभूमि

### पहले चरण में ये गांव होंगे ड्रग मुक्त

पहले चरण में 10 गांवों के युवा मंडलों, समाजसेवियों, गांव को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले लोगों को भी एडीजीपी हिसार मंडल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ड्रग मुक्त घोषित होने वाले गांवों में मताना, कुम्हारिया, भोडा होशनाक, ढाणी ठोबा, ढाणी चानन, खान मोहम्मद, बनावाली सोत्तर, सिरढान, गिल्लाखेड़ा व बनावाली शामिल हैं। इस अवसर पर सरपंच बलजीत सिंह, ओमप्रकाश झाझड़िया, महेन्द्र भडिया, राजबीर बलोढा, राजेश थोरी, नोरंग, भूप राव, विजय टोकसिया के अलावा उप निरीक्षक सुन्दरलाल के नेतृत्व में ड्रग मुक्त टीम भी उपस्थित रही। इस दौरान गांव बनावाली के आदर्श पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम में भी एडीजीपी के प्रवक्ता ने सैंकड़ों लोगों से संवाद कर ड्रग मुक्त अभियान को एक जन आंदोलन बनाने की अपील की।

### गांव के प्रवेश द्वार पर लगेगा 'ड्रगमुक्त गांव' का बोर्ड

एडीजीपी कार्यालय प्रवक्ता सज्जन कुमार ने बताया कि एडीजीपी हिसार मंडल के निर्देशन में ड्रग की डिमांड को नियंत्रित करने के लिये कार्य किया जा रहा है। जो युवा ड्रग की लत में पड़ चुके है, उनकी पहचान कर उन्हें इस लत से बाहर निकालने के लिये उनका उपचार शुरु करवाया जा रहा है। लोगों को ड्रग्स जैसी बुराई से बचने के लिये जागरूक भी किया जा रहा है। 26 जनवरी 2024 तक हिसार मंडल के हर जिले से 20-20 गांवों को ड्रग मुक्त गांव घोषित किया जाएगा। ड्रग मुक्त होने वाले गांव के प्रवेश द्वार पर ड्रग मुक्त गांव का बोर्ड भी लगाया जाएगा, जिसे देख हर कोई ग्रामीण अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर सकेगा। उन्होंने कहा इन गांवों को ड्रग मुक्त घोषित करने के लिये सामूहिक कार्यक्रम में एडीजीपी हिसार मंडल द्वारा पंचायतों को ड्रग मुक्त का प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

## जाखल से वैष्णो देवी कटरा जाने वाली चार ट्रेनें रद

- नए साल में 12 जनवरी से लेकर 6 फरवरी तक श्री माता वैष्णो देवी की ओर आवागमन करने वाली ट्रेनें नहीं चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शीतकालीन अवकाश में बच्चों के साथ मां वैष्णो देवी के दरबार जाने वाले भक्तों के लिए निराशा की खबर है। इस बार रेलवे विभाग ने जाखल से श्री माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली 4 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है। नए साल में 12 जनवरी से लेकर 6 फरवरी तक श्री माता वैष्णो देवी की ओर आवागमन करने वाली चार ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इन ट्रेनों में तीन गाड़ियां जहां साप्ताहिक आवागमन करती है तो वहीं एक ट्रेन सप्ताह में तीन दिन तक श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए चलती है। इन ट्रेनों के रद्द होने से मां के भक्तों में काफी निराशा है और उन्होंने रेलवे विभाग से शीतकालीन अवकाश को देखते हुए ट्रेनों को रद्द करने का फैसला वापस लेने की मांग की है। बता दें कि रेलवे की ओर से जबलपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा आवागमन करने वाली 11449, 11450 जबलपुर कटरा एक्सप्रेस जो कि रोजाना जाखल से सुबह बुधवार को कटरा के लिए रवाना होती है, को 12 जनवरी से रद्द किया जा रहा है। इसके साथ ही कोटा से उधमपुर तक जाने वाली 20985 में 20986 कोटा उधमपुर एक्सप्रेस ट्रेन को भी 12 जनवरी से रद्द किया जा रहा है। यह ट्रेन वीरवार को जाखल से उधमपुर के लिए रवाना होती है। इसके साथ ही चेन्नई सेंट्रल से श्री माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली 16031 चेन्नई कटरा सुपर एक्सप्रेस जोकि जाखल से मंगलवार, शुक्रवार एवं शनिवार को सुबह कटरा के लिए रवाना होती है, इस ट्रेन को भी रेलवे द्वारा 12 जनवरी से 6 फरवरी तक रद्द करने का फैसला लिया गया है। हालांकि रेलवे की ओर से ट्रेनों के रद्द करने के पीछे कारणों का उल्लेख नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा फिरोजपुर से छिंदवाड़ा के बीच आवागमन करने वाली दैनिक पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन को भी 12 जनवरी से 10 फरवरी तक रद्द किया जा रहा है। इस ट्रेन के भी रद्द रहने के कारण यात्रियों को मध्य प्रदेश एवं दिल्ली के अलावा उत्तरप्रदेश जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## हुड्डा ने सरकार पर बोला हमला, वादों की लगाई झड़ी

- जनाक्रोश रैली में कहा, सरकार आने पर किसान आंदोलन में मारे गए किसानों के परिवार के एक सदस्यों को दी जाएगी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुडा ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के गढ़ रहे सिरसा में जन आक्रोश रैली के जरिये प्रदेश सरकार पर हमला बोला, वहीं वादों की झड़ी लगा दी। रैली में उमड़े कार्यकर्ताओं के उत्साह के बीच हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान आंदोलन में मारे गए किसान के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी और शहीद का दर्जा भी दिया जाएगा। वहीं वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर 6 हजार रुपये प्रतिमाह, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। कौशल रोजगार निगम को खत्म करेंगे। पोर्टल के झंझटों से छुटकारा दिलाकर लोगों का हक देंगे। सिरसा के लिए उन्होंने ऐलान किया कि ओटू झील की खुदाई पूरा कराकर नहर का काम पूरा कराएंगे। रैली को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदय भान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. केवी सिंह, विधायक अमित सिहाग, शीशपाल केहरवाला, बजरंग दास गर्ग, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, रामकुमार खैरेकां सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।



**सिरसा।** जन आक्रोश रैली को संबोधित करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों के 1600 करोड़ के बिजली बिल माफ किये, 2136 करोड़ के कर्ज माफ किये, फसली कर्ज पर ब्याज 14 प्रतिशत से घटाकर 0 प्रतिशत किया। 100-100 गज के प्लॉट दिये, स्कूली बच्चों को वजीफे दिये लेकिन मौजूदा सरकार ने सारी स्कीमें बंद कर दी। बैकवर्ड क्लास क्रीमी लेयर सीमा को 8 लाख से घटाकर 6 लाख कर दिया।

आज हरियाणा बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध और नशाखोरी में नंबर वन है। उन्होंने लोगों को संकल्प दिलाया कि आने वाले समय में इस सरकार के घमंड को वोट की चोट से तोड़ेंगे।

## वोट फॉर ओपीएस जन चेतना संवाद कार्यक्रम आयोजित

- आने वाले चुनावों में वोट फॉर ओपीएस की चोट करेंगे कर्मचारी और जनता : धारीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा गांव सनियाना में वोट फॉर ओपीएस ग्रामीण जन चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बोस्ती, सांचला, सनियाना, पारता, पिरथला, ललौदा, भीमेवाला, अमानी, गाजुवाला आदि गांवों के अलावा जिलेभर के कर्मचारियों ने ओपीएस के समर्थन में हुंकार भरी व वोट फोर ओपीएस की शपथ ली। इस दौरान संघर्ष समिति के राज्य प्रधान विजेन्द्र धारीवाल व राज्य महासचिव ऋषि नैन ने ओपीएस से पहले कुछ भी स्वीकार न करने पर जोर देते हुए आम जनता से भी इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। सनियाना गांव में आयोजित हुए इस समारोह की अध्यक्षता पेंशन बहाली संघर्ष समिति खंड कार्यकारिणी भूना व टोहाना द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान विजेन्द्र धारीवाल ने कहा कि खुद मलाई खाने वाले नेता कर्मचारियों द्वारा 30 से 40 साल की नौकरी करने के बाद भी पेंशन मांगने को रेवड़ी बांटने का नाम लेकर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारी भी समझ चुकें हैं तथा वे अपने वोट का इस्तेमाल ओपीएस के समर्थन में करेंगे। आम जनता अब मुहिम में शामिल हो चुकी है।



**फतेहाबाद।** वोट फॉर ओपीएस ग्रामीण जन चेतना कार्यक्रम में उपस्थित पेंशन बहाली संघर्ष समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## खाटू धाम की माटी म्हारा रास आ गई... पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में शनिवार रात को एकादशी पर विशाल भजन संध्या व श्याम रसोई का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर श्याम बाबा का दरबार भव्य रुप से सजाया गया। मंदिर परिसर को बिजली चलित लड़ियों से सजाया गया। रात को सवा आठ बजे बाबा श्याम की पावन 'योत प्र'जवलित की गई। उसके बाद बाबा श्याम की आरती की गई। राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। इसके बाद हिसार से आई छोटी बच्ची पावनी खुराना ने बाबा श्याम के भजन प्रस्तुत किए। सवा नौ बजे बाबा श्याम को भोग लगाकर श्याम रसोई का प्रसाद वितरित किया गया। पावनी ने भजन म्हारा मन की बात बाबा थारा सै ना छानी है, मेरी झोपड़ी के भाग खुल जांगे, जिस दिन श्याम मेरे घर आएंगे, सांवरियो बैठयो है, जो लेणो है सो मांग ले, कीर्तन की है रात बाब आज थाणै आणो है, खाटू धाम की माटी म्हारे रास आ गई सहित अनेक भजन प्रस्ततु किए। जिन पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। रात को बाबा की आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



**सिरसा।** श्याम बगीची में सजा बाबा का दरबार व भजन संध्या में उपस्थित श्रद्धालु।

## मंच व क्लब ने किया उपन्यास का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

लोक चेतना मंच रतिया व लायंस क्लब रतिया द्वारा संयुक्त रुप में अजीज सरोये द्वारा लिखित पंजाबी नावल व गोपालचंद कुलरियां की ओर से हिंदी में अनुवादित उपन्यास अपने लोग का विमोचन किया। पुस्तक के बारे में चर्चा करते हुए लोग चेतना मंच के प्रवक्ता डॉ. नैब सिंह मंडेर ने उपन्यास की विषय वस्तु और पात्रों के बारे में बातचीत की और इस उपन्यास को लेखक की आयु से बड़ा बताया। डॉ. बीरबल सिंह ने बताया कि यह उपन्यास की पृष्ठभूमि और घटनाएं रतिया के आसपास के क्षेत्र से संबंधित होने के कारण पाठकों के मर्म को छुती हैं। डॉ. सरबजीत ने उपन्यास के दृश्य चित्रों का जिक्र किया और साथ ही कहा कि यह उपन्यास हिंदी के उपन्यास तमस के मुकाबले का है। शायर दिलबाग रियोंद ने इस महान कार्य के लिए गोपालचंद कुलरियां को बधाई दी। पुस्तक के मूल लेखक अजीज सिरोये ने उपन्यास की रचना के लिए अपने खोज कार्य के बारे में जानकारी दी। प्रसिद्ध चित्रकार कृष्ण ने पंजाबी के प्रसिद्ध नाटककार अजमेर सिंह औलख के नाटक अन्ने निशानची के बारे चर्चा की। पुस्तक चर्चा समय क्लब के प्रधान प्रदीप बंसल, कोषाध्यक्ष विपिन बंसल, मास्टर बूटा सिंह आदि थे।



**रतिया।** उपन्यास का विमोचन करते हुए मंच व क्लब के पदाधिकारी।

**अभियान** युवाओं के साथ खेल रहे कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल तथा खो-खो के मैच

# पुलिस जवानों ने युवाओं के साथ मैच खेल कर दिया नशे से दूर रहने का संदेश, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला भर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत पुलिस जवानों ने जिला के गांव माधोसिंघाना, रंधावा तथा चिलकनी ढाब में पहुंचकर युवाओं के साथ कबड्डी,क्रिकेट, वॉलीबॉल तथा खो-खो के मैच लगाकर उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक किया। नशे के खिलाफ संदेश देने तथा खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक विक्त्रांत भूषण ने पुलिस जवानों की वॉलीबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट तथा कबड्डी टीमों का गठन किया गया है, जो गांव- गांव जाकर युवकों को खेलों के प्रति जागरुक कर रही है। पुलिस जवानों द्वारा श्रमदान कर ग्रामीणों के सहयोग से खेल ग्राउंड तैयार करने का मानवता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है। जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है, वही युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए लगातार पुलिस के जवान सुबह-शाम गांवों में जाकर उनके साथ विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन कर उन्हें खेलों के प्रति जागरूक कर रहे हैं, जिसके काफी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी मुहिम के तहत पुलिस जवानों ने चोपटा थाना क्षेत्र के गांव रंधावा, गांव माधोसिघाना तथा ऐलनाबाद थाना के गांव चिलकनी ढाब में पहुंचकर वहां के युवकों के साथ वॉलीबॉल, क्रिकेट तथा कबड्डी के मैच खेले तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया।



**सिरसा।** युवाओं के साथ वालीबॉल मैच खेलते पुलिस जवान।

पुलिस जवानों ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक विक्त्रांत भूषण के निर्देश पर जिला भर में नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है, वहीं युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न खेल गत्तिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस कर्मचारियों ने इस दौरान युवाओं से आह्वान किया कि नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलों से जुड़कर अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार करें। उन्होंने इस अवसर पर युवाओं से कहा कि अगर गलत संगत का शिकार होकर अगर कोई युवा नशाग्रस्त हो गया है, तो वे इसके बारे में पुलिस को सूचित करें ताकि स्थानीय प्रशासन के सहयोग से उसका इलाज करवा कर उसे समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके। पुलिस के अभियान से प्रभावित होकर अनेक युवा नशा छोड़ने के लिए आगे आ रहे हैं। वहीं समाज के लोगों को इस अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## जगमालवाली में युवाओं को खेलों के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

थाना कालांवाली पुलिस ने गांव जगमालवाली में युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक किया और नशा छोड़ने का आह्वान किया। इस दौरान पुलिस टीम ने कहा कि डबवाली के पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार युवाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत पुलिस टीम के साथ गांव जगमालवाली में जाकर गांव के युवाओं के साथ खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलों से नाता जोड़े तथा अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक डबवाली के दिशा निर्देशानुसार अनुसार जिलाभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जहां नशा के खिलाफ युवाओं को जागरूक किया जा रहा है, वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर उन्हे खेलों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है,ताकि युवा गलत संगत का शिकार होकर नशे का शिकार न होने पाए।

पुलिस टीम ने कहा कि अब जिला पुलिस डबवाली सभी गांवों में युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर और समूचे जिले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं का आयोजन करवाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है और खेलों से जोड़ने के लिए जिला स्तर पर वॉलीबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी बास्केटबॉल इत्यादि की टीमों का गठन किया जा रहा है। पुलिस जवान युवाओं के साथ खेल गतिविधियों में भाग लेकर नशे से दूर रहने का संदेश दे रहे हैं।

# साहित्य

*मेरी आत्मा बड़ी सुलझी हुई बात कह देती है कभी-कभी। अच्छी आत्मा 'फ़ोल्डिंग' कुर्सी की तरह होनी चाहिए। ज़रूरत पड़ी तब फैलाकर उस पर बैठ गए; नहीं तो मोड़कर कोने में टिका दिया।*

**-हरिशंकर परसाई**



*अभी जब वह अपने कमीज़ और दुपट्टे को समेत कर बैठी तो लगा कि किसी हंसनी ने घास के इस झील में डुबकी लगा दी हो! लम्बी पलकों की पंखुरियों को उठाना, मानो कली चटक गई हो।' वह नर्म दूब के पौधे को उखाड़ कर हथेलियों से रगड़ रही थी और उसका चेहरा लाल हो उठा था।*



# गोपा

कहानी | जयन्त



जाड़े के दिनों में जब दिन बड़े होने लगे थे, दोपहर की गुनगुनी धूप में शिरीष के पेड़ के नीचे नर्म दूब पर लेटना कितना अच्छा लगता था। युवक-युवतियाँ झुंडों में बैठ कर बातें करते, कुछ पत्रिकाओं के पन्ने पलटे जाते, कुछ अपने लिखे नोटस दुहराए जाते, कुछ सिगरेटों को फूँका जाता, पान की गिल्लौरियाँ चबाई जातीं, विभिन्न मुद्दों पर नरम-गरम बहस होती, हँसी-ठहाके गूँजते और इस बीच कुछ युवतियाँ निरूद्देश्य तिनकों और कंकड़ों को उछालतीं या फिर उन्हें चुहलवश एक-दूसरे पर फेंकती रहतीं। क्लास के लिए घंटी बजती तो कुछ कैम्पस की गेट की तरफ चले जाते तो कुछ कक्षाओं की तरफ चले जाते। पिछली शताब्दी में कॉलेजों में कुछ ऐसी ही रौनक रहा करती थी। अब कॉलेजों की भीड़ टेक्निकल कॉलेजों की ओर चली गई है परन्तु वहाँ इस तरह का माहौल नहीं मिलता। सब कुछ यत्रवत सा हो गया है। सभी अपने भविष्य को ले कर चिंतित रहते हैं। पहले कुछ सैटलमेंन्ट हो जाए तब मौज-मस्ती!

ऐसी ही एक अलसायी ढलती दोपहर में गौतम अपनी किताब-कॉपी बगल में रखे अधलेटा सा कुछ पढ़ रहा था। वह एक पत्र था जो उसके पिता जी ने घर से भेजा था। पत्र में उसे आने को कहा गया था। उसके साथियों के झुंड कैंटीन की तरफ चले गए थे। कुछ लड़कियाँ थोड़ी दूर पर बैठीं हुई थीं। गौतम पत्र दो बार पढ़ चुका था और मन ही मन कुछ हिसाब लगा रहा था। सहसा किसी ने पत्र को उसके हाथों से झटक लिया - यह सलीम था।

'अरे ! सलीम क्या कर रहे हो ?'

'क्या कर रहे हो ऽ ऽ ऽ. . .!' सलीम फटे ढोल की तरह बज उठा, उसके होठों पर हँसी थी, प्रिय गौतम! ऽ ऽ . . . सेंडर्स एड्रेस नदारथ ऽ ऽ. .' गौतम ने पत्र छीनने का असफल प्रयास किया। -'. . . और भेजने वाली का नाम भी गायब, . . .क्यों मियाँ!' उफ कितनी तेज आवाज़ थी उसकी तभी घंटी बजी।

'नहीं सलीम, फादर का लेटर है।'

'फादर का लेटर है !". हमसे छिपाते हो. . . .?'

'क्या है'

कई स्वर एक साथ उभरे। लड़कियों का झुंड करीब आ चुका था।

'क्या है. .?' गौतम लगातार पत्र लेने का प्रयास कर रहा था।

'क्या है क्या! . . .गुरु की मंगेतर का लेटर है!'- कहते हुए उसने पत्र उसे लौटा दिया। सलीम ने फिर से कहने का प्रयास किया कि पत्र उसके पिता का है परन्तु उसकी आवाज़ दब कर रह गई।

'हो . .ऽ .ऽ. .!'- की एक-दो आवाज़ आई और फिर किसी ने जोरदार हल्ला मचाया -

'हुर्रे . . . तो फिर पार्टी पक्की।'

'नहीं-नहीं पिता जी का पत्र है। ऐसी कोई बात ही नहीं है।'- गौतम ने कान बंद करते हुए जोर से चिल्ला कर कहा।

'मिठाई खिलाने से डरते हैं ?'

अल्का ने कहा और फिर से शोर उठा तभी मिस्टर कैम्ब्रिज, उर्फ मिस्टर पी. सी. बोस उनके बीच आ पहुँचे। सभी लेक्चर थिएटर में चले गए। कक्षा चल रही थी और गौतम उधेड़-बुन में लगा था कि पैसे का कैसे प्रबंध करे और कैसे घर जाए? मिस्टर कैमब्रिज तेज़ स्वभाव वाली नायिका का कैरेक्टर समझा रहे थे। महीने में दो दिन और बचे हैं - गौतम सोच रहा था। उधर मिस्टर बोस समझा रहे थे कि किस प्रकार नायिका ने नायक को उल्लू बनाया और जब नायक ने उसके गिफ़्ट पार्सल को खोला तो उसमें उसे नायिका रोज़लिन का पुराना सैंडिल मिला।

'हे. . .यू, व्हाट आर यू थिंकिंग?' मिस्टर बोस ने गौतम की ओर संकेत किया तभी घंटी बज गई। किसी ने पीछे से कहा - 'वे गोपा के विषय में सोच रहे हैं।. . .कि अब क्या होगा?' मिस्टर बोस ने उठते हुए कहा - 'आई सी बट शी इज़ लाइक रोज़लिन।' गौतम ने दो बेंच आगे बैठी गोपा को देखा, उसका चेहरा सिंदूरी हो उठा था, सभी हँस रहे थे। उसने ज़ोर से कहा 'मेरे पास पुराना सैंडिल है।. . .पार्सल कर दूँगी।'- उसने गुस्से में भनभनाते हुए कहा। मिस्टर बोस तबतक आगे जा चुके थे शायद जानबूझ कर अनजान बनते हुए ! थोड़ी देर में कक्षा खाली हो गई। गौतम धीमे कदमों से बाहर निकल आया। उससे आगे दो-चार लडकियाँ आपस में बातें करती हुई चल रही थीं। गोपा ठीक उसके पीछे थी। उसने मद्धिम स्वर में पुकारा -

'गौतम जी . . . ।'

'क्या बात है . . .गोपा जी?'

'आप से कुछ बात करनी थी . . .।'

'क्या . .बोलो?'

'अभी नहीं, . . .जब आसपास कोई नहीं रहेगा तब।'

'लेकिन कब?'

'मिलेंगे, कहेंगे . . .आप फ्री मिलें तब तो? . . . हर समय तो . .।'

बात अधूरी छोड़ कर वह दूसरी तरफ़ चली गई। क्या कहना चाहती है? वह भी मैं जब फ्री मिलूँ! ऐसे तो कभी बात नहीं करती वह। आज तक कोई विशेष बात भी नहीं . . .किया उसने? क्या कहना कहती है? वह उसकी बात मन ही मन दोहराता रहा। प्रायः लड़के-लडकियाँ उन्हें छेड़ा करते थे 'गोपा और गौतम'- 'गोपा और गौतम', वह आगे बढ़ गया।

> *"दोपहर की गुनगुनी धूप में शिरीष के पेड़ के नीचे नर्म दूब पर लेटना कितना अच्छा लगता था। युवक-युवतियाँ झुंडों में बैठ कर बातें करते, कुछ पत्रिकाओं के पन्ने पलटे जाते, कुछ अपने लिखे नोटस दुहराए जाते।"*

गौतम को घर से लौट कर आए तीन-चार दिन गुजर चुके थे। जाड़े कि एक वैसी ही दुपहर में जब वृक्षों कि परछाईयाँ पूरब की तरफ आड़े-तिरछे लम्बी हो आईं थीं, घने लता कुंज के पास गौतम घुटने पर दोनों हाथ बांधे बैठा था। हिन्दी की कक्षा थी प्रोफेसर राम साहेब की और वे यशोधरा पढ़ाते थे। . . कौन जाएगा, गोपा-गौतम वाला प्रसंग चल रहा है, अगले चैप्टर के आने पर ही क्लास करूँगा। जाने का अर्थ है वह दिमाग चाटेगा और सभी मुझे और गोपा को चिढ़ाएँगे। दूर से तरणताल का जल नीला-नीला दिखाई पड़ रहा था और ठंडी हवा उस जल के स्पर्श से और भी सिहर गई थी। . . .तभी . .सहसा ही गोपा आती दिखाई पड़ी। वह नजदीक आई, गौतम कुछ पूछता उसके पहले ही घास पर बैठ गई। गौतम ने उसे गहरी नज़रों से देखा और मन ही मन कहा, 'कितनी अच्छी लगती है गोपा ! . . . अभी जब वह अपने कमीज़ और दुपट्टे को समेत कर बैठी तो लगा कि किसी हंसनी ने घास के इस झील में डुबकी लगा दी हो! लम्बी पलकों की पंखुरियों को उठाना, मानो कली चटक गई हो।' वह नर्म दूब के पौधे को उखाड़ कर हथेलियों से रगड़ रही थी और उसका चेहरा कुछ कहने के लिए लाल हो उठा था।

गौतम को याद आया एक बार उसे खिलखिला कर हँसते देखा था, जब वे कैंटीन में बैठे थे और सलीम ने जल्दीबाजी में पानी का पूरा ग्लास अपने पर उढ़ेल लिया था।. . .वह सामने कि मेज़ पर बैठी हुई थी और यह देख कर ज़ोरों से हँस पड़ी थी, एकदम उन्मुक्त हँसी। गौतम को ऐसा लगा था कि किसी ने मखमल की मंजूषा को खोल कर मोतियों को बिखेर दिया हो।. . . और उस क्षण को वह कैसे भूल सकता है जब कक्षा में जाते समय गौतम की बाँह में कील चुभ गई थी और गोपा ने अपनी हथेलियों से कस कर दबा कर उसे बहते खून को रोकने का प्रयास किया था। दोनों को उस एक अव्यक्त पल ने ही तो तब से एक-दूसरे के कितना पास ला दिया था, इसका तो उन्हें आभास ही नहीं था। तभी से लड़के-लडकियाँ उन दोनों को चिढ़ाने लगे थे।

'सुनिए, . . .आपकी शादी तय हो गई है क्या . . .?'

'नहीं तो, . . .किसने कहा!'

'आप झूठ बोल रहे हैं न? . . .उस दिन सलीम जी कह रहे थे इसीलिए तो . . .आप घर गए थे।' उसका गला रुंध गया।

'मैं नही जानती थी . . .आप मुझे' उसकी आँखों से आंसू टपटप गिरने लगे।

'यह तुम क्या कह रही हो गोपा !'

'जो अबतक नहीं कह . . . पाई।. . .और क्या कहूँगी।'

'गोपा . . ऽ ऽ. . .! तुम्हारी सौगन्ध . . .सलीम मज़ाक कर रहा था।" गोपा ने उसे गहरी नज़रों से देखा। उसके गालों पर आंसू सूख चुके थे। -". . . पर तुमने पहले कभी!'

'आपने मेरी. . .झूठी कसम खाई . . .?'

'नहीं गोपा . . मैंने झूठ कहा हो तो . . . .मैं मर जाऊँ।' 'बस . .चुप रहिए।'- उसने क्षण भर के लिए अपने कानों को हथेलियों से दबा लिया, लेकिन गोपा तुमने . . .कभी कुछ नहीं बताया!" गौतम ने उठ कर बैठते हुए अपना हाथ उसकी ओर बढ़ाया और गोपा ने उसे अपने हाथों में ले कर झुलाते हुए कहा - 'कुछ नहीं बोलूँगी. . . .बस जाइए, आपसे बात ही नहीं करूँगी . . . ।'

'गोपा, मेरी बात तो सुनो . ऽ ऽ. . .'

वह उठ खड़ी हुई, आँखों में आँखों को डाल कर स्मित हास्य से देखा और बोली "बोलना और सुनना . . . इतना ज़रूरी है क्या ?'

गौतम ने चाहा कि उसे रोक ले, पुकार ले परन्तु ऐसा नहीं कर सका। ईसा की छठी शताब्दी पूर्व गौतम ने जीवन-मरण की पहेली सुलझाई थी परन्तु गोपा को नहीं समझ सके थे, आज भी गौतम उसे नहीं समझ पाया है।

*(लेखिक वरिष्ठ साहित्यकार हैं और लगातार लेखन कर रहे हैं।)*

गीत | राजपाल सिंह गुलिया



धूल - धुएँ को फाँक - फाँक कर ,
हुई हवा जहरीली .

फिरे बाँटती सबको निशिदिन ,
जहर भरी सौगातें .
सीख चिमनियों से ली इसने ,
कितनी कलुषित बातें .
ओढ़ धुआँसा बरगद मलता ,
अपनी आँखें गीली .

धुआँ - धुआँ पर्यावरण जहाँ ,
ढोता रोज उदासी .
प्रयासों का आश्वासन वहीं ,
लेता बैठ उबासी .
हालत पतली होगी गर जो ,
रही व्यवस्था ढीली .

साँसों पर संकट गहराया ,
है भावों में खिन्नता .
धुँधलाए परिवेश की कहो ,
पौंछे कौन मलिनता .
चौपालों से संसद तक हैं ,
बातें खाली -पीली .

कविता | मोनिका राज



## दुल्हन बनती हुई मैं



तुम्हारा बेहद सफ़्फ़ाक़-सा चेहरा और
तुम्हें अपने पोरों से स्पर्श करती हुई मैं।

तुम्हारा प्रेमबद्ध आलिंगन और
उसमें प्रेमातुर समाई हुई मैं।

तुम्हारे सपनों से भरे नयन और
उनमें स्वच्छंद विचरती हुई मैं।

तेरा अधूरा-सा एक ख़्वाब और
उसे हकीकत करती हुई मैं।

एक मंजिल तक पहुंचने का होड़ और
उन राहों में तेरे साथ चलती हुई मैं।

एक चाहत बस तेरा हो जाने की और
धीमे-धीमे सिर्फ तुम्हारी होती हुई मैं।

एक अनंत सफ़र तक चलने की जिद और
उसमें तेरा हमसफ़र बनती हुई मैं।

थोड़े-थोड़े अधूरे-से तुम और
तुम्हें हरपल पूरा करती हुई मैं।

एक ख्वाहिश तुम्हें जीवनसाथी बनाने की और
उसमें बस तुम्हारी दुल्हन बनती हुई मैं।

लघुकथा | शशि किरन



## धन्यवाद सेंटा

धवलगिरि के पहाड़ो पर बर्फ गिरने लगी। इसके बावजूद बाज़ारों में रौनक थी। दो दिन बाद क्रिसमस जो आने वाला था। पहाड़ी पर बने एक मात्र गिरिजाघर में प्रभु यीशु के स्वागत की तैयारियां चल रही थीं, गिरिजाघर को लड़ियों से सजाया जा रहा था। क्रिसमस केरॉल की मधुर धुन गूंज रही थी। गिरिजाघर के एक ओर जहां प्रार्थना की कुर्सियाँ लगी थीं वहीं गोशाला का दृश्य बनाया गया, और प्रभु यीशु के बाल रूप को सजाया गया। बाज़ार में सेंटा की ड्रेस पहने लोग छोटे बच्चों को टॉफी और चॉकलेट बाँट रहे थे चारों ओर रौनक ही रौनक थी। जॉन को भी हर साल सेंटा से एक उपहार मिलता, उसका बहुत मन करता कि वह सेंटा को देख सके पर सेंटा हमेशा रात को उसके सोने के बाद आते। अगले दिन उसे उपहार के साथ एक कहानी सुनने को मिलती सेंटा अपनी स्लेज में बैठकर आते हैं उपहार रखकर चले जाते हैं, आठ वर्ष का छोटा सा जॉन यह सोचता ही रह जाता कि हमेशा उसके मनचाहे उपहार सेंटा को कैसे पता चलते हैं ? तभी माँ ने खाने के लिए आवाज़ दी ! जॉन खाना तैयार है आता हूँ ! कहकर जॉन कमरे से बाहर आ गया। जॉन खाना खाने बैठ गया और माँ से बोला, 'माँ क्या पापा काम से नहीं लौटे ? उन्हें आज कुछ जरूरी काम था माँ ने जवाब दिया तो आप मेरे साथ खाना खा लो नहीं बेटा तुम खा लो। तुम्हारे पापा आएंगे तो मैं उनके साथ खा लूँगी,, ठीक है माँ! कहकर जॉन अपना खाना खाने लगा,, हमेशा ऐसा ही होता रहता। जॉन के पापा अक्सर देर से आते। माँ उनको खाना खिलाने के बाद खाना खातीं। जॉन को अकेले खाना पड़ता। खाना खाने के बाद जॉन सोने चला गया। माँ जॉन के पापा का इंतज़ार करती रहीं। आधी रात के लगभग जॉन के पापा घर आये। मां ने खाना गर्म किया और टेबल पर लगा दिया। जॉन के पापा ने रंग बिरंगी पन्नी चढा एक छोटा सा पैकेट माँ की ओर बढ़ाया। माँ मुस्कुराने लगी और बोलीं ओहह तो आप इसके लिए ओवरटाइम कर रहे हो। कल रात को जॉन के कमरे में रख देना। अभी इसे छुपा देती हूँ। हर साल क्रिसमस पर जॉन के माता-पिता उसके कमरे में उसका मनचाहा उपहार रख देते, उनके लिए जॉन के मनचाहे उपहार लेना सबसे बड़ा सपना होता। वे नहीं चाहते थे कि जॉन खुद को हीन महसूस करे। अगले दिन क्रिसमस से पहली रात लगभग दो बजे जॉन के सो जाने के बाद ,जॉन के पिता सेंटा बन उसका उपहार रखने आये। उन्होंने पढ़ने की मेज़ पर उपहार रख दिया पर जैसे ही मुड़े उनका पैर किसी चीज से टकराया। उन्होंने झुक कर देखा तो एक पैकेट था जिस पर कार्ड लगा हुआ था। जॉन के पिता कार्ड पर लिखा संदेश पढ़ने लगे। प्रिय सेंटा, आप हर साल क्रिसमस पर मुझे उपहार देते हो इस साल मैं आपके लिए उपहार लाया हूँ..! जॉन। जॉन के पिता ने पैकेट खोला उसमें एक सुंदर जैकेट था , कोने में जॉन की टूटी हुई गुल्लक पड़ी थी। जॉन के पिता की आंखें नम हो गईं, जॉन के पिता का जैकेट जगह जगह से कट गया था पर वे जैकेट नहीं ले रहे थे क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं जॉन के उपहार के लिए रुपये कम न पड़ जाएँ उन्होंने जॉन को चूमा और सोने चले गए । अगली सुबह जॉन ने आँखे खोली तो पिता को खड़ा पाया। जैसे कह रहे हो -"धन्यवाद सैंटा" !

**डा. विश्वबंधु का कहना है कि हिंदी का कोई भी शब्द अपना नहीं है, जिसमें विभिन्न राज्यों की बोली के शब्दों का मिश्रण है। वे पिछले दस साल से हिंदी के शब्द निर्माण विज्ञान पर कार्य कर रहे हैं और अभी तक पहला खंड पूरा हुआ है। इंटरनेट और मोबाइल के युग में युवा पीढ़ी के दिमाग व चरित्र भ्रष्ट हो रहे हैं और समाज भी पथभ्रष्ट हो रहा है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# इंटरनेट और मोबाइल के युग में भटकी युवा पीढ़ी

साहित्यकारों ने हर विधा में साहित्य सृजन करते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर समाज को सकारात्मक विचारधारा के लिए नई ऊर्जा देने में योगदान दिया है। वहीं अपनी संस्कृति तथा परंपराओं के संवर्धन के लिए भी साहित्य साधना के माध्यम से नई पीढ़ियों की राह प्रशस्त करने का प्रयास में जुटे साहित्यकारों में डा. विश्वबंधु शर्मा एक ऐसे मूर्घन्य विद्वानों में शुमार हैं, जिन्होंने हरियाणा की लोक कलाओं और संस्कृति के स्वरूप व उसे पहचान दिलाने के लिए हरियाणवी, हिंदी और संस्कृत भाषा में साहित्य सृजन कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा का व्याकरण लिखकर हरियाणवी भाषा के साहित्यकार के रूप में तो लोकप्रियता हासिल की है, वहीं वे पिछले दस साल से हिन्दी भाषा के व्याकरण करके 'शब्द निर्माण विज्ञान' पर गहनता से कार्य करने में जुटे हुए हैं। उनकी यह साहित्य साधना हिंदी जगत के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। गद्य एवं पद्य में लेखन करने वाले डॉ. विश्वबंधु शर्मा ने अपने साहित्यिक सफर के बारे में हरिभूमि संवाददाता से बातचीत में कई ऐसे महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनकी साधना साहित्य जगत को नया आयाम देने में सक्षम हो सकती है। विश्वबंधु शर्मा का जन्म 02 सितम्बर, 1953 को भिवानी जिले के पुर गांव में संस्कृत के प्रकांड पंडित ब्रजलाल शास्त्री और श्रीमती अंती देवी के घर में हुआ। उनके पिता ब्रजलाल उस समय के उत्तर भारत के एक मात्र अग्निहोत्री थे। मसलन उनके परिवार में दियासलाई से आग जलाना प्रतिबंधित था और परिवार में पांच कुंड से अग्नि लेकर ही चूल्हे के अलावा अन्य आग जलाई जाती थी। परिवार में साहित्य और संस्कृति के माहौल में विश्वबंधु को उनके पिता ने संस्कृत श्लोक कंठस्थ करा दिये थे। डॉ. विश्वबंधु शर्मा ने बताया कि विरासत में मिली साहित्य-संस्कृति की वजह से बचपन से ही उन्हें साहित्य, कला एवं परंपरागत संस्कृति में रुचि हो गई। छात्र जीवन में स्कूल में साप्ताहिक बाल सभाओं में वे कविताएं सुनाने लगे थे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा भाषण प्रतियोगिताओं में जहां भी वह हिस्सा लेते थे, तो प्रथम पुरस्कार उन्हीं को मिलता था। जब वह कक्षा सात में पढ़ रहे थे, तो साल 1967 में उनके पिता का बीमारी के चलते निधन हो गया। इस वजह से स्कूल जाना कम हो गया और घर की जिम्मेदारियां बढ़ गई। किसी तरह से द्वितीय श्रेणी में मैट्रिक पास कर ली। भिवानी में उनके विज्ञान के शिक्षक रामेश्वरदास पुरी उनसे प्रेम करते थे, जो उसे अपनी ससुराल साहनेवाल (पंजाब) ले गए, जहां उनकी ससुराल में लाला छज्जूमल को काम करने वाले लड़के की जरूरत थी। दो साल तक उनके यहां काम किया और वहीं से लाला की मेहरबानी ने उन्होंने साल 1970 में प्रभाकर पास किया। लाला छज्जूमल ने उन्हें गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल प्रतापपुरा, जालंधर में हिंदी अध्यापक लगवा दिया। उसके बाद वह हिसार आ गये, जहां से ओटी की परीक्षा पास की। बकौल डा. विश्वबंधु शर्मा उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए अपने छोटे भाईयों को भी पढ़ाया, जिनमें से एक फौज में गया और कारगिल युद्ध में शहीद हुआ और दो भाई शास्त्री हो गये। उन्होंने खुद दो विषयों में एमए किया। राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर से उन्होंने साठोत्तरी हिंदी में शोधकार्य कर पीएचडी की, जबकि आधुनिक हिन्दी महाकाव्यों का समाजशास्त्रीय अध्ययन कर डी.लिट की उपाधि हासिल की है। सितंबर 1981 में डा. शर्मा वैश्य कालेज रोहतक में हिंदी विभाग में लेक्चरार नियुक्त हुए और 20 साल तक विभागध्यक्ष रहने के बाद सितंबर 2013 में एसोसिएट प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए।

### प्रकाशित पुस्तकें

डॉ. विश्वबंधु शर्मा की प्रकाशित 30 पुस्तकों में साठोत्तर हिन्दी-महाकाव्यों में पात्र-कल्पना, संक्षिप्त भाषा विज्ञान, हिन्दी भाषा भास्कर, चेत मछंदर गोरख आया( हरियाणवी उपन्यास), जामदग्नेय (उपन्यास), आपणा मरण जगत की हाँसी व कोरी हाण्डी (हरियाणवी झलकी संग्रह), भगत सुदामा (हरियाणवी खण्डकाव्य), दुर्गा चरित (हरियावणी महाकाव्य), चासणी (हरियाणवी कविता-संग्रह), हरियाणा के लोकगीत (संपादित), भारत का सूरज : सूरजमल (हरियाणवी ऐतिहासिक उपन्यास), लाला छज्जूमल (संस्मरण संग्रह), दीवानों का मसीहा



डॉ. विश्वबंधु शर्मा


### पुरस्कार व सम्मान

हरियाणा साहित्य अकादमी से झलकी संग्रह 'अपणा मरण जगत की हांसी' और साठोत्तरी हिंदी कविता पर प्रथम पुरस्कार हासिल करने वाले डॉ. विश्वबंधु शर्मा को अकादमी द्वारा जनकवि मेहर सिंह सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा उन्हें उदयभानु हंस वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान, रघुवीर सिंह मथाना पुरस्कार, सारस्वत सम्मान, शाश्वामृत सम्मान, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी समृति सम्मान, कलम नायक सम्मान, साहित्य भूषण सम्मान, विद्यासागर सम्मान, साहित्य कौस्तुभम अलंकरण सम्मान, कबीर सम्मान के साथ ही अध्यापन

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** नामः डॉ. विश्वबंधु शर्मा
जन्मतिथिः 02 सितम्बर, 1953
जन्म स्थानः ग्राम-पुर, तहसील-बवानी खेड़ा, जिला-भिवानी (हरियाणा)
शिक्षाः एमए(इतिहास), एमए (हिन्दी), पीएचडी, डी.लिट्
सम्प्रतिः सेवानिवृत्तअध्यक्ष, हिन्दी विभाग, वैश्य कॉलेज, रोहतक (हरियाणा), पूर्व प्रो. बीएमयू, स्वतंत्र लेखन

# इंद्रधनुषी कविताएं: तुम बिन सूना मधुमास




पुस्तक समीक्षा | शशि कांत चौहान

कविता मन की अभिव्यक्ति होती है। कवि जैसी भी परिस्थिति को देखता है वैसी ही कविता का सृजन करता है। कवि अपनी पुस्तक में सभी तरह की रचनाओं का संग्रह करता है। इस दृष्टि से सुमन लता का काव्य संग्रह तुम बिन सूना मधुमास अपने आप में विविधता लिये हुए है। साधारणतयाः एक कवि समाज की विभिन्न समस्याओं, विसंगतियों पर कलम चलाता है, लेकिन सुमन लता ने इन सबके साथ साथ सभी विधाओं में अपनी लेखनी चलाई है। यह वाकई इस काव्य संग्रह को इंद्रधनुषी बनाता है।


**पुस्तक : तुम बिन सुना मधुमास**
**लेखक : सुमन लता**
**मूल्य : 250 रुपये**
**प्रकाशक : सुकीर्ति प्रकाशन**

कवयित्री ने अपनी पुस्तक में कविताओं के साथ-साथ हरिगीतिका छंद, सेवैया, मुक्तक आदि सभी को स्थान दिया है। सुमन ने अपनी कविताओं में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर आए पतन के अलावा राष्ट्र प्रेम, प्रकृति के प्रति प्रेम, समर्पण समाज में आए छलकपट, जल संरक्षण कोरोना काल और नई पीढ़ी के प्रति चिंता जताते हुए मोबाइल के दुष्परिणाम सहित अन्य कविताओं को संग्रह करके समाज को जागरूक करने का प्रयास किया है। पुस्तक की शुरूआत ईश्वर की वंदना के साथ करके आस्तिक रहने का संदेश दिया है जो पाठकों में सकारात्मकता का संचार करता है।

पुस्तक में कुल मिलाकर 74 रचनाएं हैं। इनमें दो कविताएं पानी बचाने का संदेश देती हैं। होली जैसे उत्सव पर जिस तरह से पानी की बर्बादी की जाती है उसे पानी न बहाना और समाज में लगातार हो रहे पानी के अंधाधुंध प्रयोग को लेकर 'जल बचाओ' में चेताया गया है। 'धार्मिक हिंसा' में किस तरह आमजन राजनेताओं के हाथों की कठपुतली बनकर अपने ही भाइयों के सामने हथियार उठा लेता है उसे उजागर किया है। 'सरपंची चुनाव' में भी ग्रामीण स्तर पर नेताओं की हकीकत से रूबरू करवाने का प्रयास किया है। बेटियां समाज में सदियों से हर स्तर पर भेदभाव झेलती आ रही हैं, इसे कवयित्री ने 'बेटियां' कविता में दिखाया है।

सुमन लता की कविताओं की भाषा शैली सहज एवं सरल है। कई कविताओं में हरियाणवी टच भी है। पुस्तक में प्रूफ रीडिंग संबंधी खामियां कई जगह नजर आती हैं ये वाकई खलता है। कुल मिलाकर रुचिकर बन पड़ा है।

# जीवन में प्रेरणा का दीपक जलाती 'ऊर्जस्वी'




पुस्तक समीक्षा | डॉ. गोरख प्रसाद मस्ताना

जिस क्षण व्यक्ति प्रज्ञा पथी होने लगता है या ज्ञान की गंगा में डुबकियां लेने लगता है, उसके अंतःस्थल में उपस्थित भाव-पक्ष निरंतर जागृत होने लगता है और उसकी दृष्टि एक ओर वैज्ञानिक चिंतन तो दूसरी ओर आध्यात्मिक ऊर्जा से उर्जित होने लगती है। इसी मनःस्थिति में जस्वी" जैसी कृति का अवतरण होता है। 'ऊर्जस्वी' उसी क्षमता का एक उपहार है जिसमें 32 आलेख उपस्थित हैं। हर आलेख प्रेरणास्पद और ज्ञान का ऊर्जा स्त्रोत है, जिनमें लेखक की प्रतिभा, विज्ञता, गहन अध्ययन और चिंतन का समावेश है। तुलसी के पत्तों की भांति पवित्र भावाव्यक्ति साथ ही वैज्ञानिक चिंतन से समृद्ध यह कृति नृप जी का एक विशिष्ट प्रयास ही तो है। असफलता से सीखना सफ़लता ही तो है।, अंधेरा, अंधेरे से दूर नहीं होता, बदले की भावना का परित्याग, स्वार्थसाधन हेतु न बने अनैतिक, अहंकारी नहीं गुणवान बने, समय मूल्यवान है, सत्य की महत्ता, नैतिक मूल्यों का महत्व, सफल होने के लिए अनुशासन आदि अनेकानेक आलेख मात्र शब्दों के संयोजन नहीं हैं, जीवन दर्शन हैं, जिनका अध्ययन हमारे पथ को आलोकित करने वाला साधन है, पाथेय है। लेखक की दृष्टि में उसके आलेख केवल कल्पना विलास नहीं बल्कि जीवन को मथ कर निकाला हुआ सार है। किसी रचना का चिंतन जितना ही सरगर्भित होता है उसकी दृष्टि उतनी ही विशाल होती जाती है। किसी भी रचनाकार की कृति में उसके भीतर का व्यक्ति अभिव्यक्त होता है और वहां से जो साहित्य सृजन होता है वहीं उसका संघर्ष और कर्मशीलता प्रकट होती है, जो नियति का बंद द्वार खोलने में सक्षम होती है। नृप के अधिकारपूर्ण भाषा में यथावांछित विविधता है, जिसमें जीवन का सत्य भी है और भविष्य की योजना भी। नृपेंद्र अभिषेक नृप की यह कृति उसमें सन्निहित आलेख जहां जीवन की सफलता के लिए आवश्यक हैं, आध्यात्मिक जीवन की प्रेरणा भी हैं। मैं 'ऊर्जस्वी' के रचनाकार नृपेंद्र अभिषेक नृप की इस कृति की सफलता के लिए सर्वदा आग्रही हूँ। पाठकों के बीच यह कृति बहुत लोकप्रिय होगी। वे ऐसी और कृतियों से साहित्य को समृद्ध करेंगे।

**पुस्तक : ऊर्जस्वी**
**लेखक : नृपेन्द्र अभिषेक नृप**
**मूल्य : 199 रुपये**
**प्रकाशक : स्वेतवर्णा**

## खबर संक्षेप

### चोटें मारने के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** डीएसपी विनोद शंकर के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने भगत सिंह कॉलोनी निवासी संदीप उर्फ बिगडु का अपहरण कर, जान से मारने की नीयत से चोटे मारने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें महावीर कॉलोनी निवासी मनदीप व रोहित शामिल है। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि इस संबंध में भगत सिंह कॉलोनी निवासी संदीप उर्फ बिगडु ने 7 जून को अर्बन एस्टेट थाना में महावीर कॉलोनी निवासी अमरदीप उर्फ दीपा और साथियों पर अपहरण जानलेवा चोटे मारने के बारे में शिकायत दी थी।

### मारपीट कर नकदी लूटने का आरोपी काबू

**हिसार।** पुराना बस स्टैंड बरवाला चौकी पुलिस ने खरखड़ा-बरवाला रोड से बाइक सवार चार युवकों द्वारा भट्ठा पर काम करने वाले दो व्यक्तियों के साथ मारपीट कर एक हजार रुपए लूटने के मामले में एक आरोपी खरकड़ा निवासी मनोज उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी मनोज उर्फ मोनू ने अपने अन्य तीन साथियों सहित मोटरसाइकिल पर सवार हो खरखड़ा-बरवाला रोड स्थित बजरंग बली भट्ठा पर काम करने वाले दो मजदूरों चित्रकूट उत्तर प्रदेश निवासी लोटन और चंद्रभान से एक हजार रुपए की लूट की थी।

### डरा धमका कर पैसे मांगने वाले दो गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने सेक्टर 14 हिसार निवासी एक व्यक्ति को डरा धमकाकर पैसे की नाजायज मांग करने के मामले में दो आरोपियों धांगड़ निवासी राजेश और सोत्तर भट्टू निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि उपरोक्त आरोपितों ने बाबा रोड लाइन फर्म संचालक के पास जीएसटी घोटाले के नाम लेकर ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से फोन और मैसेज भेज नाजायज पैसे की मांग की थी।

### शहीद उद्यम सिंह का जन्मदिवस कल

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा मंगलवार को बजरंग आश्रम में शहीद उद्यम सिंह का 124वां जन्मदिवस श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। समिति प्रधान सरदार कृष्ण सिंह इलावादी ने बताया कि किशोरी नागपाल की अगुवाई में होने वाले कार्यक्रम वीना चौधरी व हवलदार रजनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

## संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई

# यात्रा से योजनाओं का लाभ के साथ आमजन को मिल रही पूर्ण जानकारी

विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव मेहनाखेड़ा, चिलकनीढाब, साहुआला द्वितीय, ताजियाखेड़ा, बुढाभाणा, किराड़कोट, अहमदपुर दारेवाला, गोदिकां पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव मेहनाखेड़ा, चिलकनीढाब, साहुआला द्वितीय, ताजियाखेड़ा, बुढाभाणा, किराड़कोट, अहमदपुर दारेवाला, गोदिकां पहुंची। गांव बुढाभाणा में सांसद सुनीता दुग्गल, किराड़कोट में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, गोदिकां हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन एवं जिलाध्यक्ष भाजपा आदित्य देवीलाल, गांव अहमदपुर दारेवाला में अनिरुद्ध देवीलाल, साहुआला द्वितीय में युवा भाजपा नेता अमन चोपड़ा, ताजियाखेड़ा में मनीष सिंगला, मेहनाखेड़ा व चिलकनीढाब में प्रदेश सचिव महिला मोर्चा निताशा सिहाग ने संकल्प यात्रा का स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल ने गांव बुढाभाणा में बतौर मुख्य कार्यक्रम में भाग लिया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए समाधान कराया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार का आर्थिक उत्थान करना है। उन्होंने दोहराया कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने 9 वर्ष से ज्यादा के कार्यकाल में जितने भी विकास कार्य किए हैं उन योजनाओं का लाभ लोगों को इस यात्रा के माध्यम से घर पर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम से गांव-गांव आमजन को जहां योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है।



सिरसा। बुढाभाणा में वकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनसंवाद कार्यक्रम में स्टाल का निरीक्षण करती सांसद सुनीता दुग्गल।

### स्टॉलों का जायजा लिया

वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में प्रधानमंत्री निरंतर कार्यरत है। सांसद ने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने स्टालों का अवलोकन करते हुए कहा कि इस यात्रा के दौरान नागरिकों को उनके घर द्वार पर जाकर सरकार सेवाएं दे रही है। इस तरह से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। साथ ही विभिन्न विभाग योजनाओं के लिए पंजीकरण भी करवा रहे हैं।

### विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं का दिया लाभ

गांवों में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सीएससी, जिला समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग सहित जिला प्रशासन के अन्य विभागों ने अपनी स्टालें लगाई हुई थीं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग की ओर से यहां चिकित्सा कैंप लगाए गए। मुख्य अतिथियों ने स्टालों का अवलोकन करते हुए आमजन को लाभ के लिए प्रेरित किया। योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए । कार्यक्रमों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने विकास गीतों की प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को जागरूक किया।इस अवसर पर कृष्ण कुमार चौहान, श्याम सुंदर बिश्नोई, सरपंच अहमदपुर दारेवाला राधिका, अनिल कलड़ा, सरपंच गोदिका सुमरजीत, संदीप, सरपंच बुढाभाणा हैप्पी बाला, शीशपाल कंबोज, लक्खा राम कंबोज, सुनील कंबोज, जिकेश मेहता, गांव किराड़कोट सरपंच अश्वनी कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# युवक की हत्या के प्रयास मामले में तीन बदमाश काबू

- शिवालय मार्केट के समीप एक युवक पर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला मामले में 24 घण्टे से पहले की पुलिस ने कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर की शिवालय मार्केट के समीप एक युवक पर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला करने के मामले में कार्यवाही करते हुए शहर थाना पुलिस ने वारदात में शामिल तीन युवकों को 24 घण्टे से पहले गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार युवकों की पहचान संजीव उर्फ शिवा निवासी फतेहाबाद, रितेश व सन्नी निवासी मतलौडा जिला हिसार के तौर पर हुई है। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर आगामी पूछताछ वारदात में प्रयोग हथियार की बरामदगी व अन्य आरोपियों की पहचान के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात मे प्रयोग चाकू, सुआ व बाइक को बरामद कर लिया है। इस बारे थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने 22 दिसम्बर को फतेहाबाद के कबीर बस्ती निवासी राजेश कुमार की शिकायत पर उसकी हत्या का प्रयास करने के आरोप में केस दर्ज किया था। उसने कहा था कि जब वह अपना दैनिक कार्य खत्म करके अपने घर जा रहा था तो शिवायल मार्किट के पास उपरोक्त आरोपी अपने साथियों के साथ आए और उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। शहर थाना प्रभारी औमप्रकाश व एसआई संजय कुमार पुलिस चौकी बस अड्डा की टीम ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों को 24 घण्टे से पहले फतेहाबाद से गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात मे प्रयोग हथियार को बरामद कर लिया।

# सतनाम-वाहेगुरु का जाप करते हुए संगत ने शहर में निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित प्रभातफेरी सेवा सोसायटी द्वारा पुराना बाजार स्थित गुरुद्वारा साहिब से लगातार प्रभातफेरियां निकाली जा रही हैं। रविवार को भी संगत सुबह 4 बजे गुरुद्वारा साहिब से शब्द गायन करते हुए शहर के अनेक क्षेत्रों से होते हुए सेवक परिवार के निवास पर पहुंची। इस दौरान भाई त्रिलोक सिंह के रागी जत्थे ने संगत को रसभिन्ने शब्द कीर्तन से निहाल किया और गुरु साहिब के इतिहास पर प्रकाश डाला। ग्रंथी अंग्रेज सिंह सरबत के भले की अरदास करवाई। सेवादारों ने बताया कि प्रभातफेरियां 13 जनवरी तक निकाली जाएंगी। इस मौके पर सेवादार जरनैल सिंह, अमरीक सिंह पक्की, रणजीत सिंह भानीखेड़ा, फतेह सिंह, जगसीर सिंह, नछतर सिंह, हैप्पी सिंह सेठी, गुरचरण सिंह, कुलविंद्र सिंह, जगजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, बलविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# रानियां में एक व्यक्ति ने तेल डालकर आत्मदाह का किया प्रयास

- आसपास के लोगों ने आग बुझाकर पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रानियां के भगत सिंह चौक के निकट रविवार को एक व्यक्ति ने स्वयं पर पेट्राल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। हालांकि आसपास के लोगों ने समय रहते उसे बचा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया। आत्मदाह के इस कोशिश में वह काफी झुलस गया। जानकारी के अनुसार हरबंस लाल पुत्र वीर सिंह वार्ड नंबर 2 का रहने वाला है और नगरपालिका में सफाई कर्मचारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हरबंस एक बोतल में तेल लेकर आया और भगत सिंह चौक के निकट स्वयं पर डाल कर आत्मदाह का प्रयास किया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से लोग दंग रह गए और उन्होंने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह काफी झुलस चुका था। इसके बाद पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और हरबंस को उपचार के लिए सामुदायिक केंद्र में ले गई, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं हरबंस के परिजनों ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से बीमारी चल रहा है। पुलिस ने बताया कि झुलसे व्यक्ति को इलाज के लिए भेजा गया।



सिरसा। रानियां में आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यक्ति पर मरहम लगाते लोग।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 127 की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया हेल्पिंग हैंड्स वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित कैंप में 127 मरीज ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमोद बंसल ने किया। सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार के चेयरमैन डॉ. उमेश कालड़ा ने संदेश भेजकर कहा कि ऐसे कैंपों के आयोजन के लिए उनकी तरफ से यथा संभव सहयोग मिलता रहेगा।

साहिबजादों की शहादत को समर्पित रतिया हेल्पिंग हैंड्स वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा रविवार को सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार द्वारा संचालित रतिया के सर्वेश अस्पताल में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का शुभारंभ अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बंसल ने किया। इस अवसर पर प्रमोद बंसल ने कहा कि इस तरह के कैंपों के आयोजन से जरूरतमंद, बीमार लोगों को काफी फायदा होता



रतिया। मेडिकल कैम्प में भाग लेते लोग। फोटो : हरिभूमि

### मरीजों को दी दवाइयां

उन्होंने कहा कि रतिया हेल्पिंग हैंड्स द्वारा समय-समय पर जो समाज सेवा के कार्य किए जाते हैं, वह सराहनीय है। प्रमोद बंसल ने कहा कि ऐसे कैंपों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी होना चाहिए ताकि दूर दराज के ग्रामीण लोगों को भी ऐसे कैंपों का फायदा हो सके। कैंप में डॉ. अजय अग्रवाल व डॉ. प्रवीण ने आए हुए मरीजों की जांच की। इस मौके पर मरीजों के शुगर, ईसीजी, ब्लड प्रेशर के टेस्ट तथा कैंप में यथासंभव उपलब्ध दवाइयां मरीज को फ्री प्रदान की गई। संस्था के प्रधान रणजीत सिंह भानीखेड़ा व संरक्षक अशोक मदान ने कहा कि उनके ट्रस्ट द्वारा इसी सर्दी के सीजन के दौरान गरीब जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

# ग्रामीणों ने किया नए मीटर लगाने का बहिष्कार

- मसूदपुर में ग्रामीणों ने बैठक कर जताया विभागीय योजना का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बिजली निगम की ओर से मसूदपुर गांव में मेरा गांव, जगमग गांव योजना के तहत डिजिटल मीटर लगाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। गांव मसूदपुर में ग्रामीणों ने रविवार को बैठक कर इस योजना का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली निगम जगमग योजना के बहाने ग्रामीणों के बिजली के मीटर घरों से बाहर निकालकर उनके स्थान पर डिजिटल मीटर लगाने की सोच रहा है। लेकिन वो बिजली निगम के इन डिजिटल मीटरों को लगाने का विरोध करते हैं।

गांवों में डिजिटल बिजली मीटर लगाने की सूचना के बाद ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जो पुराने बिजली के मीटर लगे हुए हैं वह ठीक है मगर बिजली विभाग नए डिजिटल मीटर लगाने की तैयारी कर रहा है जिसका ग्रामीण पुर्ण रुप बहिष्कार करते हैं। गांव मसूदपुर में डिजिटल बिजली मीटर लगाने की सूचना के बाद रविवार को गांव के लोगों ने एकत्रित होकर रोघी खाप के पूर्व अध्यक्ष रोशन दलाल की अध्यक्षता में बैठक की। ग्रामीणों ने एकत्रित होकर बिजली निगम की गांवों में डिजिटल मीटर लगाने की योजना का विरोध किया है।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए रोशन दलाल व युवा किसान नेता सुनील दलाल ने कहा कि नए डिजिटल मीटर गांव में नहीं लगने देंगे। ग्रामीणों ने हाथ उठाकर बिजली निगम की जगमग योजना का विरोध करते हुए शपथ ली कि गांव में बिजली विभाग के अधिकारियों को मीटर घरों से बाहर निकालने नहीं देंगे।



हिसार। गांव में डिजिटल मीटर लगाने के विरोध में आयोजित बैठक में भाग लेते ग्रामीण।

### मात्र छह घंटे दी जा रही बिजली सप्लाई

इसके लिए उन्हें चाहे कोई भी कुबार्नी क्यों न देनी पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि अगर बिजली निगम के अधिकारी जबरदस्ती डिजिटल मीटर लगाने का प्रयास करेगी तो उनका डट कर विरोध किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि विरोध के दौरान यदि कोई हादसा या अनहोनी घटना होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी बिजली निगम की होगी। ग्रामीणों ने जगमग योजना को किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि खेतों में सिंचाई के लिए तो उन्हें मात्र 6 घंटे बिजली सप्लाई दी जा रही है जबकि सरकार गांवों में जगमग योजना लागू करके 24 घंटे बिजली देने की बात कहती है। अगर सरकार वास्तव में किसानों का हित चाहती है तो इस योजना को बंद करके खेतों में सिंचाई के लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाए, ताकि किसान अपनी फसलों की सही समय पर सिंचाई कर उन्हें सुखने से बचा सकें।

# विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर किया शुभारंभ

- 80 लाख रुपए की लागत से चार माह में बनकर तैयार होगी सड़क : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

विधायक विनोद भयाना ने रविवार को कुतुबपुर से लालपुर गांव तक सड़क निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान लोगों से बातचीत करते हुए विधायक विनोद भ्याणा ने कहा कि 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण कार्य आगामी चार माह के अंदर पूरा करने की समय अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि लगभग 2 किलोमीटर लंबाई की इस सड़क का निर्माण हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा करवाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह निर्धारित समय अवधि से पहले ही सड़क का निर्माण कार्य पूरा करवाने का प्रयास करें ताकि लोगों को सड़क की सुविधा शीघ्र मिल सके।



हिसार। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक विनोद भ्याना।

# उपराष्ट्रपति कल आएंगे आदमपुर

- डीसी, एसपी व अन्य अधिकारियों ने जांची व्यवस्था, रिहर्सल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मंगलवार को जिले के आदमपुर कस्बे में आएंगे। वे यहां आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई एवं उनके छोटे भाई चैतन्य बिश्नोई की शादी के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उप राष्ट्पति के कार्यक्रम के दृष्टिगत रविवार को रिहर्सल आयोजित की गई और वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यवस्था जांची। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त उत्तम सिंह, हिसार के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा व हांसी पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा की। रिहर्सल के दौरान हिसार से वाहनों का काफिला आदमपुर में समारोह स्थल तक पहुंचा। इस दौरान सिक्योरिटी प्रोटोकॉल, यातायात प्रबंध तथा अन्य व्यवस्था जांची गई। उपायुक्त उत्तम सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और उप-राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा संबंधी सभी विषयों पर समय रहते पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल तथा आसपास क्षेत्र में धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए गए हैं।



हिसार। उपराष्ट्रपति के दौरा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा प्रबंध तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते उपायुक्त उत्तम सिंह, साथ में है हिसार के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा।

## थाना स्तर पर खिलाड़ियों की बनाई जा रही टीमें

# नशे से दूर रहने के लिए करें प्रेरित

- एसपी ने पुलिस कर्मचारियों को दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में युवाओं को नशे से दूर रखने तथा उन्हें शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर फतेहाबाद पुलिस द्वारा नई पहल शुरू की गई है। इसके तहत जिलाभर के पुलिसकर्मियों, खिलाड़ियों तथा एक्स सर्विसमैन द्वारा गांवों के युवाओं को खेल गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाया जा सके। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने इसको लेकर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली और आवश्यक निर्देश भी दिए।

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिला में नशा तस्करों की धरपकड़ व नशा मुक्ति को लेकर किए गए कार्यार्ं के अलावा खेल गतिविधियों को भी ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है, ऐसे में जरूरी है कि उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाई जाए। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ा जा रहा है ताकि वह स्वयं भी नशे से दूर रहे और अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इस दिशा में ग्राम व वार्ड प्रहरी भी पिछले कई दिनों से कार्य कर रहे है। एसपी ने कहा कि युवाओं व बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने को लेकर जिलों में खेल गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

इस पहल में पुलिस में कार्यरत एवं रिटायर तथा पैरामिलिट्री से रिटायर कर्मचारी जो खेलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, को गांव में नियुक्त किया जा रहा है।



एसपी आस्था मोदी

### खेल स्पर्धाएं कराई जाएगी

इसके अलावा गांवों में बने खेल परिसरों की साफ-सफाई करवा कर विभाग द्वारा खिलाड़ियों को वहां सुबह-शाम खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ऐसे खिलाड़ियों की टीम तैयार की जा रही है ताकि वह जिला स्तरीय तथा प्रदेश स्तरीय युवाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना स्तर पर वॉलीबॉल की 7 टीमें बनाई जाएगी जबकि एक टीम जिला पुलिस की चयन की जाएगी। समय-समय पर उनकी खेल स्पर्धाएं कराई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### राम शरणम में पूर्णमासी पर सुंदरकांड का पाठ कल

**हिसार।** इस वर्ष की अंतिम पूर्णमासी एवं नव वर्ष के आगमन पर अर्बन एस्टेट स्थित श्रीराम शरणम आश्रम में 26 दिसंबर को स्वामी सत्यानंदजी महाराज द्वारा रचित सुन्दरकांड का पाठ किया जाएगा। आश्रम के सेवादार एलडी पोपली ने बताया कि सायं 4 से 6 बजे तक सामूहिक रुप से सुन्दरकांड पाठ किया जाएगा।

### वाजेपयी के जन्मदिवस पर विचार गोष्ठी कल

**हिसार।** अटल बिहारी वाजेपयी के जन्मदिवस पर 25 दिसंबर को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित वेटनरी ऑडिटोरियम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा की रहेगी। एक प्रवक्ता ने बताया कि अटल बिहारी वाजेपयी के जन्मदिवस पर वर्तमान परिदृश्य में वाजपेयी जी के विचारों की प्रासंगिकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को आयोजन अटल विचार जागृति मंच द्वारा किया जाएगा।

### राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा जरूरी : वर्मा

**हिसार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने श्रीमद्भागवत गीता को माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में जोड़ने को सराहनीय बताते हुए इसका स्वागत किया है। अभाविप के प्रदेश मंत्री राहुल वर्मा ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की वर्तमान भविष्य की प्रकृति का निर्धारण करती है शिक्षा के माध्यम से ही राष्ट्र की भावी पीढ़ी को सम्पूर्ण रूप से समृद्धशाली बनाया जा सकता है, शाश्वत ज्ञान का भंडार, पवित्र गीता भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व के लिए वरदान है। श्रीमद्भागवत गीता को माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में जोड़ना सराहनीय कदम विद्यार्थी परिषद स्वागत करती है।

### कुमारी सैलजा शुरू करेंगी कांग्रेस जनसंदेश यात्रा

**हिसार।** विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी व वरिष्ठ नेता रामनिवास राड़ा ने कहा कि कांग्रेस महासचिव, राष्ट्रीय कार्यसमिति की सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा 14 जनवरी को फरीदाबाद से कांग्रेस जनसंदेश यात्रा शुरू करेगी। उन्होंने कुमारी सैलजा को शीर्ष राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा उत्तराखंड का प्रभारी नियुक्त करने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि कुमारी सैलजा एक स्वच्छ, बेदाग व समर्पण भाव की कांग्रेस की सशक्त नेता है जो कि हाईकमान

### प्राची-प्रिया ठाकुर आज हिसार में

**हिसार।** श्री श्याम हनुमान दीवाने सेवा मंडल के तत्वाधान में 25 दिसम्बर को अग्रसेन भवन में द्वितीय श्रीखाटू श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंडल के प्रधान आशुतोष परुथी ने बताया कि 25 दिसम्बर को तुलसी दिवस पर दोपहर सवा 2 बजे तुलसी पूजन कार्यक्रम किया जाएगा। इसके बाद सायं 4 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या की जाएगी जिसमें पुजारी निज मंदिर सेवक परिवार खाटू धाम से महाराज श्याम सिंह चौहान विशेष रुप से उपस्थित होंगे।

### गीता मान जीवन का सार : स्वामी अमिता

**हिसार।** आध्यात्मिक गीता-ज्ञान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में रामपुरा मोहल्ला स्थित गीता भवन में मनाए जा रहे 74वें गीता जयंती महोत्सव के सातवें दिन आयोजित भजन-सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरिद्वार से पहुंची महामंडलेश्वर स्वामी अमिता भारती ने इस अवसर पर कहा कि गीता प्रतिकूल परिस्थितियों में शांत रहने की कला सिखाती है। किसी विद्वान ने कहा है कि आपकी समस्या कोई समस्या नहीं है। आपकी प्रतिक्रिया ही समस्या है। परिस्थितियों को हम बदल नहीं सकते हैं परंतु अपनी मनःस्थिति को तो हम परिवर्तित कर सकते हैं। जीवन के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर गीता में है। अंतर्राष्ट्रीय भजन व कथा प्रवक्ता साध्वी सुजाता कृष्णचंद्र देव ने भी गीता पर प्रवचन दिये।

---

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव पर कुरुक्षेत्र में प्रतियोगिता

# राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में सीनियर मॉडल स्कूल भिरड़ाना ने मारी बाजी

**जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों की प्रतिभा को जमकर सराहा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव पर कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सीनियर मॉडल स्कूल भिरड़ाना के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। सीनियर वर्ग की टीम हरमनजोत, ज्योति, अक्षय ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में मानसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुरुक्षेत्र से लौटने पर स्कूल में मेधावी बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल संचालक ओमप्रकाश बिश्नोई और प्रिंसीपल श्वेता बिश्नोई ने फूल माला पहनाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि हमारे विद्यार्थी हर प्रतियोगिता में अग्रणी रहते हैं। गीता जयंती में खण्ड, जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में सीनियर मॉडल स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। यह हमारे अनुभवी अध्यापकों की मेहनत का परिणाम है। स्कूल निदेशक शीतल बिश्नोई ने विजेता छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी। फतेहाबाद में आयोजित गीता जयंती सम्मान समारोह में भी सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला और जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।



फतेहाबाद। राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे सीनियर मॉडल स्कूल भिरड़ाना के विद्यार्थी।

### श्रीमद्भागवत गीता को स्कूलों के पाठ्यक्रम में जोड़ना सराहनीय कदम : अभाविप

**भूना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने श्रीमद्भागवत गीता को माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में जोड़ना सराहनीय कदम स्वागत योग्यतम है। अभाविप हरियाणा के प्रदेश मंत्री राहुल वर्मा ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की वर्तमान भविष्य की प्रकृति का निर्धारण करती है। शिक्षा के माध्यम से ही राष्ट्र की भावी पीढ़ी को सम्पूर्ण रूप से समृद्धशाली बनाया जा सकता है, शाश्वत ज्ञान का भंडार, पवित्र गीता भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व के लिए वरदान है। अभाविप के जिला संयोजक बलविन्द्र ढकरवाल ने कहा कि सन्मार्ग पर चलने की दिशा में गीता का ज्ञान मानवता के लिए एक पथ प्रदर्शक है। श्रीमद्भागवत गीता के उपदेश और ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाकर पुनर्स्थापित करना हम सब का दायित्व है। देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में संस्कार और मूल्यों से परिपूर्ण गुणवत्तायुक्त शिक्षा की बात विद्यार्थी परिषद करती है।

## सोमा न्यू टाउन में गीता पाठ एनआईआर मिढ़ा सम्मानित



फतेहाबाद। एनआईआर बृजभूषण मिढ़ा को सम्मानित करते मंदिर कमेटी पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

हिसार रोड स्थित सोमा न्यू टाऊन कालोनी में स्थित श्री माधव राधा मंदिर में जुगल किशोर धींगड़ा के नेतृत्व में संस्था ने गीता का पाठ किया, जिसमें विशेष रूप से अमेरिका से पहुंचे एनआरआई बृजभूषण मिढ़ा को विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। एनआरआई बृजभूषण मिढ़ा ने कहा कि गीता हमें आत्म अनुशासन और आत्म संयम का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने कहा कि गीता की बातें मनुष्य को सही तरह से जीवन जीने का रास्ता दिखाती है। गीता के उपदेश हमें धर्म के मार्ग पर चलते हुए अच्छे कर्म करने की शिक्षा देते हैं। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि मनुष्य को उसके द्वारा किए गए कमार्ें के अनुसार ही फल मिलता है, इसलिए मनुष्य को सदैव सत्कर्म करने चाहिए। उन्होंने मंदिर कमेटी के प्रधान जुगल किशोर ढीगडा व अन्य मौजूद रहे।

## धार्मिक संस्था का फेसबुक पेज हैक कर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड किए

- पुलिस ने केस दर्ज किया
- साइबर सेल को सौंपी गई मामले की जांच

**डबवाली।** शहर की एक धार्मिक संस्था के फेसबुक पेज को हैक करके असामाजिक तत्वों ने उस पर कुछ अश्लील व आपत्तिजनक वीडियो अपलोड कर दिए हैं। इस घिनौनी हरकत से संस्था से जुड़े लोगों व श्रद्धालुओं में भारी रोष है। मामले की शिकायत पुलिस को की गई है और अब पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक शहर के राम नगर कॉलोनी इलाके की एक धार्मिक संस्था की बाबत फेसबुक पर पेज बनाया हुआ है। संस्था से जुड़े श्रद्धालु की ओर से इस फेसबुक पेज को संचालित किया जाता है और इस पर धार्मिक कार्यक्रम अपलोड किए जाते हैं। 6000 से 'यादा लोग इस पेज से जुड़े हुए हैं। बताया जा रहा है कि किसी शरारती तत्व ने दो दिन पहले संस्था के पेज को हैक कर लिया और इस पर कुछ आपत्तिजनक वीडियो अपलोड कर दिए। एक के बाद एक रविवार तक कुल आठ वीडियो अपलोड किए गए हैं। संस्था से जुड़े लोगों व श्रद्धालुओं को जैसे ही इस बात का पता चला तो उनके मन में पीड़ा पहुंची। संस्था से जुड़े पदाधिकारियों ने इस संबंध में पुलिस के आला अधिकारियों को अवगत करवाया। इसके बाद साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इलाका वासियों की मांग है कि इस प्रकार का कृत्य करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जानी की चाहिए।

---

### शहीद उधम सिंह की जयंती पर सेमीनार 25 को

**सिरसा।** शहीद उधम सिंह की 124वीं जयंती पर अखिल भारतीय किसान सभा सिरसा द्वारा 25 दिसंबर को खैरपुर स्थित कामगार भवन में सुबह 11 बजे सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। सभा के जिला कन्वीनर हमजिंद्र सिंह ने बताया कि सेमीनार में सभा पदाधिकारियों द्वारा शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजली अर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सेमीनार में मुख्य वक्ता के तौर पर मा. बलबीर सिंह (रा'य अध्यक्ष किसान सभा हरियाणा) अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। सेमीनार का विषय शहीद उधम सिंह का जीवन और आज का दौर रहेगा, जिसपर मुख्य वक्ता अपने विचार रखेंगे। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह साम्रा'यवाद विरोध के प्रतीक हैं। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनकी शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में सेमीनार में पहुंचे।

## महराणा में राजस्थान के दम्पति ने जहर खाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिले के भट्टू क्षेत्र की सीमा से सटे राजस्थान के गांव मेहराणा में एक दम्पति द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन करने का मामला सामने आया है। जहर के सेवन के बाद दोनों की हालत बिगड़ गई और परिजनों ने उन्हें फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां दोनों की मौत हो गई। इस बारे सूचना मिलते ही राजस्थान पुलिस की टीम फतेहाबाद पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए राजस्थान के भादरा ले जाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के गांव मेहराणा निवासी 31 वर्षीय मंजीत की शादी करीब एक साल पहले सिरसा के गांव गुसाईआना निवासी 22 वर्षीय सुमन के साथ हुई थी। मनजीत गांव में ही मोबाइल का काम करता था। शनिवार शाम दोनों घर पहुंचे और अचेत होकर चारपाई पर गिर पड़े।

इस पर परिजनों ने दोनों को फतेहाबाद के भट्टूकलां के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से चिकित्सकों ने उन्हें फतेहाबाद रेफर कर दिया। फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दोनों ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था।

## चौटाला ने पार्टी पदाधिकारियों से की मुलाकात

- पार्टी की नीतियों पर कार्यकर्ताओं से किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करते अजय चौटाला।

रानियां हलका के जेजेपी के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रविवार को जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला से उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात की और अपने क्षेत्र में होने वाली राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की।

इस दौरान अजय चौटाला के साथ पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण कंबोज, हलकाध्यक्ष कुलदीप करीवाला, गुरमंगत सिंह, हरदीप नकौड़ा, सुखदेव सिंह आदि मौजूद थे। इस दौरान डॉ. अजय चौटाला ने रानियां हलका के इन पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अजय चौटाला ने कहा कि वे पार्टी की कल्याणकारी नीतियों को लेकर जन जन में जाएं और उनका प्रचार करें क्योंकि पार्टी ने सदैव कल्याणकारी नीतियों को ही अमलीजामा पहनाया है, इसलिए कोशिश यह होनी चाहिए कि प्रत्येक वर्ग को पार्टी की नीतियों का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि वे गांव-गांव जाकर नए लोगों को भी पार्टी से जोड़ें और उन्हें पार्टी की योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जेजेपी पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की नीतियों व सिद्धांतों पर स्थापित है और इसमें सभी वर्गोर् के हित सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से निर्धारित मिशन 2024 की दिशा में सभी को तेजी से प्रयास करने चाहिए।

---

## संस्था की बैठक में जिले की कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

गुरद्वारा चिल्ला साहिब में सिख समाज संस्था की मीटिंग संस्था के उपप्रधान जगविंदर सिंह माखा की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में संस्था का विस्तार किया गिया और आने वाले हरियाणा गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्था के प्रधान दीदार सिंह नलवी ने ऐलान किया कि संस्था की तरफ से 40 के 40 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे जाएंगे। इस मीटिंग में बलदेव सिंह खालसा, गुरमीत सिंह सिवान, परमजीत सिंह माखा, दर्शन कौर, बिंदर सिंह वैदवाला, हरचरन सिंह, गुरपाल सिंह, खुशदीप सिंह सरां, मलकीत सिंह, गुरनाम सिंह, वकील सिंह, सुखदेव सिंह, मलूक सिंह, जगदेव सिंह, गुरमीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर संस्था के विस्तार में हरचरण सिंह को डबवाली वार्ड प्रधान, उप प्रधान गुरपाल सिंह, सचिव एडवोकेट व खुशदीप सिंह, रानियां वार्ड के प्रधान मलकीत सिंह जोसन, उप प्रधान अंग्रेज सिंह, सचिव गुरनाम सिंह पूरेवाल, महा सचिव सुखदेव सिंह ढिल्लो, सिरसा वार्ड के प्रधान भूपिंदर सिंह, उप प्रधान सुखनाम सिंह फौजी और सचिव डा. मलूक सिंह व अन्य चुने गए।

## पिस्तौल व हेराइन सहित युवक काबू

हरिभूमि न्यूज. ओढं

सीआईए कालांवाली पुलिस तीन युवकों से 32 बोर पिस्टल, मैगजीन, कारतूस, गाडी व 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ कालांवाली थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि एएसआई राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस पार्टी गस्त के दौरान बस स्टेंड के पास मौजुद थी। एएसआई राजेंद्र प्रसाद ने नैशनल हाइवे पर पैट्रोल के साथ सर्विस रोड पर एक गाडी सकोडा के सामने अपनी गाडी लगाकर नीचे उतर कर देखा तो गाडी मे तीन नौजवान लडके बैठे थे। शक के आधार पर पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी की अगली दोनों सीटों के बीच में बने बोक्स मे एक पिस्टल 32 बोर व एक रौंद मिला। गाडी के डैशबोर्ड मे एक पारदर्शी पन्नी मे 3 ग्राम हेरोईन मिली। उन्होंने बताया कि आऱोपियों की पहचान रवि सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी सालम खेड़ा, अग्रेंज सिंह पुत्र गुरतेज सिंह व प्रगट सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी जलालआना के रुप में रूप में हुई। ओढ़ा पुलिस ने पकड़े गये आरोपीयों तथा सप्लायर के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अनिल सोढी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को डबवाली अदालत में पेश करके रिमांड लिया जाएगा।



सिरसा। ओढ़ा में हेरोइन व पिस्तौल के साथ पकड़े गए युवक।

- पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया

## उपभोक्ता को अधिकारों की जानकारी जरूरी : जैन



फतेहाबाद। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

- खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

ऑनलाइन शापिंग के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति को उपभोक्ता के अधिकार से परिचित होना चाहिए। हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में एक उपभोक्ता हैं। फिर भी अधिकांश लोग उपभोक्ता के तौर पर अपने अधिकार को नहीं जानते हैं, जबकि देश में उपभोक्ताओं के अधिकार की रक्षा के लिए कानून बना हुआ है, जिसे 24 दिसंबर 1986 को लागू किया गया था। इसलिए 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। यह बात जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक विनीत जैन ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उपायुक्त अजय सिंह तोमर के दिशा निर्देशा अनुसार जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक फतेहाबाद विनीत जैन तथा जिला शिक्षा अधिकारी दयानन्द सिहाग के द्वारा राजकीय कन्या संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल फतेहाबाद तथा राजकीय कन्या संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल भूना में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इसका उद्देश्य है कि उपभोक्ताओं को सामान की खरीददारी करते समय ठगी से बचाना और उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी देना रहा। इस उपलक्ष्य में स्कूल में भाषण, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को उपभोक्ता के अधिकारों के बारे में बताया गया ताकि वे सशक्त व जागरूक उपभोक्ता बन सकें। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा सहभागी सर्टिफिकेट तथा पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर विभाग द्वारा भेजी गई उपभोक्ता जागरूकता वीडियो आमजन को दिखा कर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त स्थानीय पीआर केंद्र खाद्य एवं पूर्ति विभाग फतेहाबाद में भी राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इसमें विभाग के अधिकारी नसीब सिंह सुपरिडेंडेंट, निर्मल कांता एएफएसओ, राजपाल सहायक, संदीप कुमार ऑपरेटर व जयबीर सिंह सहायक नापतोल ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

---

कक्षा 9 से 12वीं तक के बच्चों ने 10 विधाओं में हिस्सा लिया

# कला उत्सव में धोलू स्कूल ओवरऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। जिला स्तरीय कला उत्सव के विजेताओं को सम्मानित करते अधिकारी।

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के तत्वावधान में पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9 से 12वीं तक के बच्चों ने कुल 10 विधाओं में अपने प्रदर्शन के द्वारा सब का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में धोलू स्कूल के बच्चों ने कुल तीन विधाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। एपीसी नरेश कुमार ने बताया कि म्यूजिक वादन क्लासिकल में चंचल रानी गांधी विद्या मंदिर फतेहाबाद की प्रथम रही। म्यूजिक वादन ट्रेडीशनल फोक में करुणा जीएचएस पीलीमन्दोरी लड़कियों में तथा रमनकांत मॉडल संस्कृति स्कूल भूना लड़कों में प्रथम रहा। इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक क्लासिकल में पलक कन्या विद्यालय टोहाना की प्रथम रही तथा लड़कों में पीएल जिंदल स्कूल रतिया के अवनुर ने बाजी मारी। इसी प्रकार इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक लोक में समीक्षा आरोही मॉडल जल्लोपुर की प्रथम रही तथा राकेश मॉडल स्कूल फतेहाबाद ने लड़कों में बाजी मारी। क्लासिकल डांस में धोलू स्कूल की सपना ने लड़कियों में तथा अंकित लड़कों में प्रथम रहे। फोक डांस में कशिश आरोही मॉडल स्कूल बनगांव की प्रथम तथा भोडिया खेड़ा के कृष्ण कुमार लड़कों में प्रथम रहे। विजुअल आर्ट्स टू डी में खुशप्रीत अहरवां की प्रथम तथा राहुल पीएल जिंदल स्कूल रतिया लड़कों में प्रथम रहे। विजुअल आर्ट 3 डी में नेहा कन्या स्कूल टोहाना की तथा मॉडल स्कूल भट्टू कलां के नरेश प्रथम रहे। स्वदेशी खिलौने बनाने में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जमालपुर शेखा की खुशबू प्रथम तथा लड़कों में मॉडल स्कूल भट्टू कला के नवदीप प्रथम रहे। ड्रामा में अंशिका गाजुवाला ने प्रथम तथा धोलू के आर्यन वर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्कूल प्राचार्य कृष्ण कुमार ने सभी बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अब ये सभी बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में फतेहाबाद का प्रतिनिधित्व करेंगे।